प्रेस नोट / ट्रैफिक एडवाइजरी

यातायात पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

दिनांक 04.06.2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन –2024 मतगणना कराये जाने के दृष्टिगत मण्डी समिति पहड़िया के सामने वाराणसी गाजीपुर मार्ग पर सुबह 05.00 बजे से मतगणना समाप्ति तक मार्ग पर यातायात की संख्या अधिक रहने की सम्भावना हैं। अतः आमजनमानस के सुगम यातायात व्यवस्था हेतु निम्नवत ट्रैफिक एडवाइजरी समय सुबह 05.00 बजे से मतगणना समाप्ति तक के लिए जारी की जा रहीं हैं :–

सामान्य यातायात हेतु डायवर्जन –

1. **आशापुर चौराहा –** आशापुर चौराहा से पहड़िया मण्डी की तरफ जाने वाले निर्वाचन के अतिरिक्त सभी वाहनों को चन्द्र चौराहा या सारनाथ की तरफ डायवर्ट किया जायेगा, जहॉ से वे अपने गंतव्य को जा सकेंगें।
2. **चन्द्रा चौराहा –** चन्द्रा चौराहा से पहड़िया मण्डी की तरफ जाने वाले निर्वाचन के अतिरिक्त सभी वाहनों को आशापुर चौराहा की तरफ डायवर्ट किया जायेगा, जहॉ से वे अपने गंतव्य को जा सकेंगें।
3. **आरटीओ तिराहा –** आरटीओ तिराहा से पहड़िया मण्डी की तरफ जाने वाले निर्वाचन के अतिरिक्त सभी वाहनों को आशापुर चौराहा या सारनाथ की तरफ डायवर्ट किया जायेगा, जहॉ से वे अपने गंतव्य को जा सकेंगें।
4. **अशोका इन्सटीट्यूट तिराहा –** अशोका इन्सटीट्यूट तिराहा से पहड़िया मण्डी की तरफ जाने वाले निर्वाचन के अतिरिक्त सभी वाहनों को आशापुर चौराहा या चन्द्रा चौराहा की तरफ डायवर्ट किया जायेगा, जहॉ से वे अपने गंतव्य को जा सकेंगें।
5. **पहड़िया चौराहा –** पहड़िया चौराहा से पहड़िया मण्डी की तरफ जाने वाले निर्वाचन के अतिरिक्त सभी वाहनों को आशापुर की तरफ डायवर्ट किया जायेगा, जहॉ से वे अपने गंतव्य को जा सकेंगें।
6. **कालीमाता मंदिर चौराहा –** कालीमाता मंदिर चौराहा से पहड़िया मण्डी की तरफ जाने वाले निर्वाचन के अतिरिक्त सभी वाहनों को पाण्डेयपुर या पुलिस लाइन चौराहा की तरफ डायवर्ट किया जायेगा, जहॉ से वे अपने गंतव्य को जा सकेंगें।
7. **पाण्डेयपुर चौराहा–** पाण्डेयपुर चौराहा से पहड़िया मण्डी की तरफ जाने वाले निर्वाचन के अतिरिक्त सभी वाहनों को आजमगढ़ अण्डरपास या हुकुलगंज की तरफ डायवर्ट किया जायेगा, जहॉ से वे अपने गंतव्य को जा सकेंगें।
8. **पुलिस लाइन चौराहा –** पुलिस लाइन चौराहा से पहड़िया मण्डी की तरफ जाने वाले निर्वाचन के अतिरिक्त सभी वाहनों को पाण्डेयपुर की तरफ डायवर्ट कर दिया जायेगा जहॉ से वे अपने गंतव्य को जा सकेंगें।

9. **<u>लालपुर पुलिस चौकी तिराहा –</u>** लालपुर पुलिस चौकी तिराहा भक्तिनगर/दौलतपुरा होकर कालीमाता मंदिर के तरफ जाने वाले वाहनों को पाण्डेयपुर चौराहे के तरफ डायवर्ट किया जायेगा, जहॉ से होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगें।

<u>मण्डी समिति में पार्किगं व्यवस्था–</u>

1. मतगणना अधि0/कर्मचारीगणों एवं प्रेस व मिडिया कर्मी के चार पहिया वाहन गेट न0 01 से प्रवेश कर तिराहे से बायें मुड़कर दाहिनी तरफ खाली ग्राउण्ड में पार्क होंगें, तथा दो पहिया वाहन तिराहे से सीधे आगे चलकर, प्रथम दाहिनी लेन में पार्क होंगें।

2. मतगणना एजेन्ट/राजनितिक पार्टीयों के प्रतिनिधिगणों का प्रवेश आवास विकास कॉलोनी के तरफ गेट न0 03 से होगा, जिसके लिए कालीमाता मंदिर से बायें मुड़कर आवास विकास में स्थित खाली ग्राउण्ड में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग अलग अलग की गई हैं जहॉ अपना वाहन पार्क करके पैदल गेट न0 03 से प्रवेश व डीएफएमडी से चेंकिंग कराकर मतगणना स्थल पर जा सकेंगें।

नोटः– लोकसभा सामान्य निर्वाचन –2024 मतगणना के दृष्टिगत आपातकालीन वाहन यथा एम्बुलेंस एवं फायरब्रिगेड इत्यादि प्रमुख अस्पतालों तक पहुचने के लिए किसी रूट पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा, फिर भी आवश्यकता अनुसार निम्न वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग कर सकते हैं –

1. **गाजीपुर मऊ के तरफ से आने वाले एम्बुलेंस संदहा से रिंग रोड होते हुये आजमगढ़ अण्डरपास, पाण्डेयपुर शहर के किसी भी चिकित्सालय में जा सकेंगें।**

अतः सर्व सम्बन्धित से यातायात पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी की विनम्र अपील है कि उपरोक्तानुसार प्रस्तावित कार्यक्रमों के मार्गो का प्रयोग न कर दिए गये वैकल्पिक मार्गो का प्रयोग करें। अत्यंत आवश्यकता की दशा में ही वाहन लेकर नगर क्षेत्र में निकले। उपरोक्त कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न कराने में यातायात पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी को सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

दिनांकः–जून, , 2024

अपर पुलिस उपायुक्त यातायात
कमिश्नरेट वाराणसी